प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 05.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 18.11.2024 को वादी निवासी मौ0 धर्मपुर आंगा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद ने आरोपी द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने व शिकायत करने पर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 522/2024 धारा- 137(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम पंकज आदि के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्य संकलन के आधार पर दिनांक 03.12.2024 को वादी की पुत्री पीडिता को सकुशल बरामद करते हुये आज दिनांक 05.12.2024 को उ0नि0 ब्रजपाल सिंह थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी पंकज पुत्र रमेश निवासी मौहल्ला धर्मपुर आंगा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, एंव अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको व अपराधो में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.12.2024 को उ0नि0 उस्मान अली थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त पप्पू उर्फ इन्तजार पुत्र शकील निवासी ग्राम शक्टुनगला थाना मुंडापाण्डे जनपद मुरादाबाद को अवैध 01 चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त पप्पू उर्फ इन्तजार के विरुद्ध मु0अ0सं0- 694/2024 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- थाना कटघर पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुस लगाये जाने व वांछित / वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.12.2024 को उ0नि0 मनोज कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टी अभियुक्त महेन्द्र सिंह यादव पुत्र कामेश्वर सिंह निवासी सरस्वती बिहार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद संबंधित वारण्ट मु0नं0 10780/09 धारा- 26(1)/28(4) एमडीए को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।

4- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 02 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.12.2024 को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपी 1. मौहमम्द आलम पुत्र शराफत हुसैन निवासी लाजपतनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना मुगलपुरा पुलिस** द्वारा आरोपी 1- मौ0 अजीम पुत्र सैय्यद निवासी वारसी नगर थाना मुगलपुरा मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।